**आकाशवाणी शिमला**

**30.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती आज पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी थी। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है और भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए जल संचय––जन भागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हम अगली पीढी तक सही–सलामत पहुंचा सके।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी ऐसा समय है, जब हम किसी नए शौक को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराश सकते है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी टेक्नोलॉजी कैम्प से ऐप बनाने के साथ ही ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के बारे में जान सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि कई स्कूल भाषण देने की कला अथवा नाटक करना सिखाते हैं, जो बच्चों के बहुत काम आते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों में इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स लोकप्रिय हो रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इन खेलों के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 12 रिकॉर्ड महिला खिलाड़ियों के नाम रहे।

**नवरात्र**

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है जो मां के विभिन्न रूपों के समक्ष नतमस्तक हो रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की जा रही है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी व ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी जी में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**बिजली दर कटौती**

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली बिजली की दरों से संबंधित टैरिफ आदेश जारी किया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने अधिकांश उपभोक्ता वर्गों के लिए बिजली दरों में कमी की है, जिससे प्रदेश के लोगों को राहत मिलेगी। विशेष रूप से, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में 15 पैसे प्रति यूनिट की कटौती की गई है, जिससे बिजली बिलों में कमी आएगी।

..............................................